अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 3 मई, 2016 को संभाग तृतीय के प्रांगण में कम्प्यूटर विभाग द्वारा बी.सी.ए. ब एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस) तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किय गया. समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता थे. प्राचार्य महोदय का स्वागत कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सचिन गर्ग ने पुष्प गुच्छ देकर किया. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. समरोह में विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने केट वॉक में बढचढकर भाग लिया और अनेक रोमांचक प्रस्तुतियाँ दी. सभी विद्यार्थियों ने इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लिया. अन्त में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उत्तम विद्यार्थियों का चयन किया. जिसमें मि0 बी.सी.ए. मोहित, मिस बी.सी.ए. आकांक्षा, मि0 एम.एस.सी. पंकज और मिस एम.एस.सी. काँची को चुना गया. समारोह मे कम्प्यूटर विभाग के अन्य सदस्य श्री विनित नागपाल, श्रीमती मोहिनी वर्मा, श्रीमती तरुना भाटिया, श्रीमती प्रिति गोयल, श्रीमती रीना किंगर आदि उपस्थित थे.